पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक-21.08.2024

दिनांक 20/21.08.2024 को थाना बन्थरा 01,विभूतिखण्ड 01,चौक 02,इन्दिरानगर 03,रहीमाबाद 01अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0/बी0एन0एस0

थाना माल-दिनांक 21.08.2024 को थाना माल द्वारा बताया गया कि वादी श्रीमती मीना पत्नी स्व0 महावीर निवासिनी मोहल्ला अम्बेडकर नगर थाना माल लखनऊ ने थाना माल पर सूचना दी कि दिनांक 17.08.2024 को वादिनी अपने घर पर ताला डालकर अपनी मम्मी के साथ अपनी बहन के यहाँ गयी हुयी थी। दिनांक 19.08.2024 को वादिनी घर वापस आयी तो देखा कि अज्ञात चोर द्वारा दीवार को फांदकर घर के अन्दर घुस कर खिडकी से कमरे के अन्दर चले गये,कमरे मे रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर अलमारी में रखे कीमती जेवरात व 15,000/- रुपये नगद चोरी कर ले गये। **इस सूचना पर थाना माल पर मु0अ0सं0 253/2024 धारा 305/331(4) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना गुडम्बा- दिनांक 21.08.2024 थाना गुडम्बा द्वारा बताया गया कि वादी श्री कनिष्क श्रीवास्तव पुत्र स्व0 अनिल कुमार श्रीवास्तव निवासी ए-4 डीएच-2 पैराडईज आधार खेडा कुर्सी रोड थाना गुडम्बा लखनऊ ने थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि दिनांक 19.08.2024 को वादी रक्षाबन्धन का पर्व मनाने अपने मामा के घर श्याम नगर अमराई गाँव थाना इन्दिरानगर लखनऊ सपरिवार गया था। वादी समय करीब दोपहर 01.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक अपने मामा के घर रहा किन्तु जब रात्रि को लौटा तो पाया कि वादी के घर का ताला टूटा हुआ है तथा दरवाजा खुला हुआ है,अलमारी टूटी व खुली हुयी है तथा सामान बिखरा हुआ है। वादी के कीमती जेवरात ,चाँदी के सिक्के,वादी का पर्स जिसमें ए0टी0एम0, आधार कार्ड,पैन कार्ड,डी0एल इत्यादि चोरी हो गया है। जिसकी सूचना वादी ने तत्काल 112 पर दी। **इस सूचना पर थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 322/2024 धारा 305(ए)/331(3) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना इन्दिरानगर-दिनांक 21.08.2024 थाना इन्दिरानगर द्वारा बताया गया कि डॉ0 राममनोहर लोहिया हास्पिटल से एक मेमो थाना स्थानीय पर इस आश्य से भेजा गया कि रेनू यादव पत्नी भूवन यादव उम्र करीब 44 वर्ष निवासी 13/143 सेक्टर 13 इन्दिरानगर लखनऊ को दिनांक 20.08.2024 को समय करीब 10.40 बजे रात्रि इस चिकित्सालय में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर उ0नि0 आशीष कुमार पाण्डेय मो0नं0 7880927770 थाना इन्दिरानगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि रेनू यादव उपरोक्त ने अपने घर के कमरे में दरवाजा के ऊपर लगी लोहे की जाली से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया ।जिसे परिजनो द्वारा उतारकर इलाज के लिये डॉ0 राममनोहर लोहिया हास्पिटल विभूतिखण्ड लखनऊ ले जाया गया,जहाँ पर डॉक्टरो ने रेनू यादव को मृत घोषित कर दिया। शव पर कोई जाहिरा चोट निशान नहीं है। मृतिका गृहणी थी। मृतिका की दो पुत्रियां है।

<u>थाना काकोरी</u>-दिनांक 21.08.2024 थाना काकोरी द्वारा बताया गया कि श्रीमती आरती रावत पत्नी शंकर निवासी ग्राम करीमाबाद थाना काकोरी लखनऊ ने थाना काकोरी को सूचना दी कि दिनांक 21.08.2024 समय करीब 05.00 बजे सुबह जब मैं जगी तो देखा कि मेरे पति चारपाई पर नहीं थे दरवाजे खुले हुये थे तो बाहर निकल कर देखा कि अमरुद के पेड में एक कपड़ा व दुपट्टे के सहारे लटके देखा तब मैं जोर-जोर से चिल्लाने लगी और तब घर के लोग आये और मिलकर नीचे उतारा गया तब तक उनकी सांसे थम गयी थी। **इस सूचना पर उ0नि0 मनीष सिंह मो0नं0 7905706751 चौकी प्रभारी घुरघुरी तालाब थाना काकोरी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक शिवशंकर पुत्र स्व0 ठाकुरप्रसाद उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम करीमाबाद थाना काकोरी लखनऊ द्वारा अपने घर के प्रांगण में अमरुद के पेंड में कपडे व दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक एस0वी0 स्टील फैक्ट्री ऐशबाग में मजदूरी का कार्य करता था। मृतक की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व हो चुकी थी। मृतक के एक पुत्र आयुष 10 वर्ष व एक पुत्री प्रिया 07 वर्ष है।

<u>थाना निगोहां</u>-दिनांक 21.08.2024 को थाना निगोहां द्वारा बताया गया कि श्री सतीश कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 छोटेलाल निवासी कस्बा व थाना निगोहां लखनऊ थाना निगोहां पर सूचना दिया कि आज दिनांक 21.08.2024 को उसका छोटा भाई सुनील कुमार गुप्ता उम्र करीब 38 वर्ष समय करीब 11.00 बजे सुबह में दुकान की सफाई कर रहा था। सफाई के दौरान मिठाई के इलेक्ट्रानिक काउन्टर में आ रहे बिजली के करन्ट के सम्पर्क में आ जाने से बेहोश हो गया। जिसे उसके द्वारा अन्य परिजनों की सहायता से इलाज के लिए सी0एच0सी0 मोहनलालगंज ले जाये गया। जहां पर डाक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री अमित कुमार वर्मा मो0नं0 8299847004 थाना निगोहां द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि सुनील कुमार गुप्ता उपरोक्त निगोहां बाजार में घर में ही मिठाई की दुकान है। मृतक के दो बच्चे है।